प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में की महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा : कहा– युद्धस्तर पर काम कर रही है डबल इंजन की सरकार।
2. महाकुम्भ में अखाड़ों और कल्पवासियों को सस्ते दरों पर राशन उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकार : 5 रुपए प्रति किलो आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब स मिलेगा चावल।
3. नव वर्ष को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : अयोध्या, मथुरा काशी में उमड़े श्रद्धालु।

और

4. उत्तरी–पश्चिमी हवाओं के चलते प्रदेश में शीत दिवस के हालात : ठंड के कारण कई जिलों में कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालय आज से 14 जनवरी तक के लिए बंद।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिन के दौरे पर प्रयागराज पहुंचे और महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने एक–एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश

दिए। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि महाकुंभ के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा सभी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बाइट......

*144 वर्ष के बाद महाकुंभ का यह मुहूर्त आ रहा है और इस महा समागम का साक्षी देश और दुनिया बनना चाहता है। इसके लिये हर प्रकार की व्यवस्था डबल इंजन की सरकार ने मिल के केन्द्र और राज्य सरकार ने मिलके यहां पर प्रशासन और पुलिस ने मिलकर के मेला प्राधिकरण के साथ मिल करके इन सभी कार्यक्रमों को युद्धस्तर पर बएाने की तैयारी की जा रही है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य स्नान वाले पर्व के दिन कोई प्रोटोकॉल नहीं होगा और साधु संतों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था होगी। बाइट......

*स्नान के दिन कोई भी प्रोटोकाल नहीं होगा। पूज्य ससंतों के लिये, श्रद्धालुओं के लिये यहां पर स्नान की व्यवस्था के लिये सभी लोग लगेंगे। सभी स्नान पर संतों के स्वागत के लिये श्रद्धालुओं के अभिनन्दन के लिये सरकार के स्तर पर मेला प्राधिकरण के स्तर पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था रहेगी।*

मुख्यमंत्री ने आज प्रयागराज के नैनी में बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बायो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज– सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इससे पहले स्नान घाटों की तैयारियों को परखने के क्रम में

मुख्यमंत्री ने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण किया।

—————————

**महाकुम्भ में प्रदेश सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को सस्ते दरों पर राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। महाकुम्भ में अखाड़ों–कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। पेश है एक रिपोट......**

*मेला क्षेत्र में दी जा रही इस सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। इन गोदामों पर 6000 मीट्रिक टन आटा और 4000 मीट्रिक टन चावल और 2000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। राशन देने के साथ ही भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकारकी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुम्भ में की*

*गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरेजा सकेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

रेलवे प्रयागराज महाकुंभ के लिए तीन हजार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करेगा। इनमें एक हजार आठ सौ छोटी दूरी और 700 लंबी दूरी के लिए रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। 560 रेलगाडियां प्रयागराज में बनाए गए रिंग रेल मार्ग पर चलेंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा। रेल मंत्रालय ने बताया है कि मेला क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के नौ रेलवे स्टेशनों पर 560 स्थानों पर टिकट उपलब्ध कराये जायेंगे। महाकुंभ के लिए रेलवे ने 15 दिन पहले रेलवे टिकट जारी करने की सुविधा शुरू कर दी है।

——————————

पूर्वोत्तर रेलवे में कल 1 जनवरी 2025 से नई समय सारणी लागू हो जाएगी। इसके चलते गोरखपुर और हमसफर सहित 68 ट्रनों की टाइमिंग बदल जाएगी। इसकी वजह से स्टेशनों पर गाड़ी के आने और जाने के समय में परिवर्तन होगा। 5 जोड़ी ट्रेनों का नंबर भी बदल जाएगा। जबकि एक जोड़ी ट्रेनों का मार्ग विस्तार किया गया है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

नए वर्ष क आगमन को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। अलीगढ़ में आज नववर्ष की पूर्व संध्या पर सभी प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस और पीएसी बल ने फ्लैग मार्च किया। वहीं प्रदेश के धार्मिक स्थलों में आज से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद होटलों में बुकिंग फुल हो गई है। मथुरा में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए बांके बिहारी मंदिर पहुंच रहे हैं। वहीं वाराणसी में भी पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रही है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नए साल की शुरुआत में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में सुरक्षा के साथ–साथ श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सके इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है आने वाले श्रद्धालुओं को जीग़ जैक लाइन के माध्यम से दर्शन सलभ करवाया जाएगा नए साल की शुरुआत में चुकी काफी संख्या मे श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं इसलिए स्पर्श दर्शन पर पूरी तरीके से रोक रहेगी। एक अनुमान के मुताबिक 8 लाख से ज्यादा भक्त जनवरी माह के प्रथम दिन दर्शन कर सकते हैं। नव वर्ष मनाए जाने पर कड़ी दृष्टि रखते हुए वाराणसी पुलिस ने भी अपनी तैयारी की है वाराणसी के काशी जोन केडीसीपी गौरव बांसवाल के अनुसार काशी जोन में 12 ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां पर अत्यंत सतर्कता की आवश्यकता रहती है। इसके अलावा सुरक्षा के हर एक बिंदुओं पर तैयारी कर ली गई है आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

——————————

निचले क्षोभ मंडल में स्थिरता के कारण कोहरे की लिफ्टेड परत के प्रभाव और पहाड़ी इलाकों से आ रही ठण्डी उत्तरी–पश्चिमी हवाओं के चलते प्रदेश में दिन के तापमान में प्रभावी गिरावट के परिणाम स्वरूप प्रदेश में कोल्ड–डे जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि शीत दिवस जैसी स्थिति 48 घंटों तक बनी रहेगी। बाइट......

*अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 5 डिग्री, 6 डिगी कहीं–कहीं पर अधिक गिरावट आई है। इस वजह से दिन में जो है कोल्ड डे जैसी सिचुऐशन शीत दिवस जैसी स्थिति बन गई है। वहीं पर अगर हम रात का तापमान हम देखे तो उसमें कोई विशेष गिरावट नहीं आई है और अभी भी सामान्य से ऊपर बने हुए है तो जहां पर रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया। वहां पर कोल्ड डे की*

*सिचुऐशन टेक्निलकी है ये जो परिस्थितियां इसमें अगले 48 घंटों के दौरान एक जनवरी तक परिस्थितियां ऐसी ही रहेगी।*

प्रदेश में बढ़ी ठंड के चलते इटावा, वाराणसी, बुलंदशहर समेत कई जिलों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय आज से 14 जनवरी तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। वहीं कई जिलों में प्रशासन द्वारा ठंड के बचाव के उपाय किये गये हैं। मऊ के जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन को अलर्ट रहने के निर्देश दिये हैं।

(समाप्त)